## खबर संक्षेप

### खैरहा पुलिस ने छह जुआरियों को किया गिरफ्तार

शहडोल। जिले के खैरहा थाना पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए। दोनों ही कार्रवाइयाँ 20 अक्टूबर को थाना क्षेत्र में की गईं। पहली कार्रवाई में मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सिरौजा में चन्द्रप्रकाश उर्फ चपटा जायसवाल के घर के सामने सडक पर स्ट्रीट लाइट के नीचे कुछ व्यक्ति ताश पत्तों से रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी के निर्देशन में खैरहा पुलिस दल मौके पर पहुँचा और घेराबंदी कर रेड की। मौके से चार जुआरियों रजीत बर्मन उम्र 28 वर्ष, शिवकुमार बर्मन उम्र 27 वर्ष निवासी छिरहटी, अर्जुन जायसवाल उम्र 19 वर्ष और शारदा जायसवाल उम्र 24 वर्ष निवासी सिरौजा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 850 नगद और ताश के 52 पत्ते जब्त किए गए। सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। दूसरी कार्रवाई के तहत पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि खैरहा बस स्टैंड के पास जुनहा तालाब मंदिर के समीप कुछ व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल घेराबंदी कर रेड की, जिसमें दो आरोपी विनोद साहू उम्र 30 वर्ष और मदन कचेर उम्र 46 वर्ष दोनों निवासी ग्राम खैरहा को रंगे हाथ पकड़ा गया, जबकि दो अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। मौके से 1,130 नगद और ताश के पत्ते जब्त किए गए। दोनों मामलों में आरोपियों पर पब्लिक गैम्बलिंग अधिनियम की धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने जप्तशुदा माल थाना में जमा कर प्रकरण विवेचना में लिया है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

### पिता की हत्या के मामले में दो सगे बेटे गिरफ्तार

**अवैध संबंध के शक में की थी वारदात**

शहडोल। जिले के अमलाई थाना पुलिस ने पिता की हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए दो सगे बेटों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने अपनी सास से पिता के अवैध संबंध के शक में मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। मामला ग्राम रामपुर, थाना अमलाई का है, जहां 45 वर्षीय प्रेमलाल साहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना पर पुलिस ने 19 अक्टूबर को मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की थी। प्रारंभिक जांच, पंचनामा और पीएम रिपोर्ट के आधार पर स्पष्ट हुआ कि मृतक की मौत गला दबाने और मारपीट से हुई है। जांच के दौरान साक्षियों झोले बैगा और साक्षी साहू के बयान, घटनास्थल निरीक्षण और सबूतों के आधार पर यह तथ्य सामने आया कि मृतक के पुत्र बबलू साहू उम्र 23 वर्ष और एक 17 वर्षीय पुत्र को अपने पिता पर अपनी सास से अवैध संबंध होने का संदेह था। इसी कारण दोनों ने पहले ग्राम खाड़ा में सास के घर पर अपने पिता के साथ विवाद और मारपीट की, फिर उन्हें अपने घर रामपुर ले जाकर दोबारा हमला किया और गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की हत्या संबंधी धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 21 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। अमलाई थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की वैज्ञानिक और तकनीकी विवेचना जारी है ताकि घटना से जुड़े अन्य साक्ष्य और तथ्यों की पुष्टि की जा सके। यह घटना पारिवारिक अविश्वास और नैतिक पतन से उपजे जघन्य अपराध का उदाहरण बताई जा रही है।

### आज से राज्य स्तरीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता

शहडोल। मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 69वीं राज्य स्तरीय शालेय 14 वर्षीय बालिका बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 26 अक्टूबर तक महात्मा गांधी स्टेडियम शहडोल में होगा। शुभारंभ 23 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायकगण एवं जनप्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि रहेंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश के नौ संभागों की टीमें भाग लेंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं का चयन मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय टीम के लिए किया जाएगा।

---

## शहडोल में दो सगे भाइयों की निर्मम हत्या

# जमीनी विवाद में धारदार हथियारों से हमला

### मरने से पहले दिया मोबाइल बयान बना सबूत

### बालबहरा गांव में दीपावली की खुशियां मातम में बदली

केशवाही चौकी क्षेत्र के ग्राम बलबहरा में दीपावली के बाद दर्दनाक दोहरी हत्या ने पूरे जिले को दहला दिया। जमीनी विवाद को लेकर अनुराग शर्मा और उसके साथियों ने दो सगे भाइयों पर धारदार हथियारों से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक ने मरने से पहले मोबाइल में हमलावरों के नाम लेकर बयान दर्ज कराया, जिससे सनसनी फैल गई।

शहडोल।










मुख्य आरोपी







जिले के बुढार थाना अंतर्गत केशवाही चौकी के ग्राम बलबहरा निवासी राहुल तिवारी और राकेश तिवारी दीपावली के दूसरे दिन अपनी ऑटोपाट्र्स की दुकान पर पहुंचे थे। तभी गांव के अनुराग शर्मा अपने 10 से अधिक साथियों नीलेश कुशवाहा, सचिन शर्मा और नयन पाठक शामिल बताए जा रहे हैं, उनके साथ दुकान में घुसा। आरोपियों ने फरसा, तलवार, डंडे और बंदूक से हमला कर दिया। राकेश की मौके पर मौत हो गई, जबकि राहुल ने मेडिकल कॉलेज शहडोल में दम तोड़ दिया। तीसरा भाई सतीश गंभीर रूप से घायल है। हमले से पहले राकेश ने मोबाइल पर बयान दर्ज किया, जिसने पूरी घटना का पर्दाफाश किया।

### पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई

वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी अनुराग शर्मा को हिरासत में लिया और अन्य की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने केशवाही चौकी प्रभारी आशीष झरिया को लाइन अटैच कर दिया। मृतकों के परिजनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। तीन घंटे तक चले विरोध में पुलिस मुर्दाबाद के नारे गूंजते रहे। बाद में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह और एसपी मौके पर पहुंचे, तब जाकर परिजनों ने हाईवे से जाम हटाया।

### राजनीतिक बयान और जांच की मांग

घटना के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी और भाजपा की जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा सहित कई नेता मौके पर पहुंचे। अजय अवस्थी ने कहा कि सरकार और पुलिस प्रशासन की लापरवाही से यह दोहरी हत्या हुई है, आरोपियों को जल्द सजा मिले। भाजपा नेताओं ने भी पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। बताया जा रहा है कि आरोपी अनुराग शर्मा पहले सरकारी सेवा में था और स्वभाव से अत्यधिक गुस्सैल था। पुलिस ने गांव में भारी बल तैनात कर हालात पर नजर रखी है।

### मरने से पहले दर्ज बयान

हमले के बाद राकेश तिवारी ने अपने मोबाइल में वीडियो रिकॉर्ड किया था। वीडियो में उसने अनुराग शर्मा, सचिन शर्मा और उनके साथियों के नाम लिए और बताया कि उन्होंने दुकान में घुसकर तोडफ़ोड़ व हमला किया। यह बयान अब पुलिस जांच का अहम सबूत बना है। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने पहले के विवाद को हल्के में लिया। अनुराग शर्मा ने 2021 में भी परिवार को पिस्टल अड़ाकर धमकाया था। शिकायत होने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, नतीजा यह हुआ कि दोहरी हत्या जैसी बड़ी वारदात घटित हुई।

### तीन घंटे तक ठप रहा हाईवे

बलबहरा में शव रखकर परिजनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 को जाम कर दिया। पुलिस मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए ग्रामीण सडक़ पर बैठे रहे। प्रशासन के समझाने पर भीड़ नहीं मानी, आखिरकार कलेक्टर और एसपी के पहुंचने पर तीन घंटे बाद रास्ता खुला। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रशासन पूरी तरह नाकाम रहा। भाजपा की जिला अध्यक्ष अमिता चपरा और पूर्व अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह ने भी घटना की निंदा करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। वारदात के बाद से पूरे बलबहरा गांव में मातम पसरा है। हर गली में सन्नाटा है और पुलिस की तैनाती बढ़ा दी गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें सक्रिय हैं। प्रशासन ने कहा है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

---

## पंडित शम्भूनाथ शुक्ला जी की पुण्यतिथि पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि



शहडोल। पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय शहडोल (नवलपुर परिसर) में पंडित शम्भूनाथ शुक्ला जी की पुण्यतिथि पर कुलगुरु प्रोफेसर राम शंकर, कुलसचिव प्रोफेसर आशीष तिवारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने कहा कि पंडित शंभूनाथ शुक्ला जी का जीवन शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रसेवा के उच्च आदर्शों का प्रतीक रहा है। उनके आदर्श हमें सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. गीता सराफ, प्रो. प्रवीण शर्मा सहित अन्य प्रोफेसरो ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



शहडोल। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर रक्षित केन्द्र, पुलिस लाइन में कत्र्तव्यपालन के दौरान अपने प्राणो का न्योछावर करने वाले वीर पुलिस शहीदों को उप पुलिस महानिरीक्षक सुश्री सविता सुहाने, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर देशभर में शहीद हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नामों का वाचन कर साहस, समर्पण और बलिदान को याद किया गया एवं पुलिस स्मृति परेड कर सलामी दी गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री राघवेन्द्र द्विवेदी, प्रभारी रक्षित निरीक्षक सूबेदार बृजराज रोकडे,सूबेदार राजमती परस्ते सहित अन्य पुलिस अधिकारियो ने भी पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



## गोवर्धन पूजा का गरिमामय आयोजन, विधायक ने की गौसेवा

शहडोल। जिले की जनपद पंचायत ब्यौहारी के ग्राम बोड्डिहा स्थित केशरी नंदन गौशाला में गोवर्धन पूजा एवं गौ पूजन का आयोजन श्रद्धा और उत्साह से किया गया। विधायक श्री शरद कोल ने गौमाताओं का पूजन कर उन्हें मिठाई, फल एवं गौ-ग्रास खिलाया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा प्रकृति, पशुधन और भूमि के प्रति आभार व्यक्त करने का पर्व है। प्राकृतिक खेती में गौधन का महत्वपूर्ण योगदान है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार गौसंवर्धन और जैविक खेती को बढ़ावा दे रही है। कार्यक्रम में गौसेवकों का सम्मान किया गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## श्रद्धा के साथ मनाया गया गोवर्धन पूजन



शहडोल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंशानुरूप जिले में संचालित गौशालाओ में आस्था, श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ गोवर्धन पूजन उत्सव मनाया गया। इसी श्रृंखला में संभागीय मुख्यालय शहडोल में संचालित अटल कामधेनु गौसेवा संस्थान में भी आस्था, श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ गोवर्धन पूजन उत्सव में पारपंरिक विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्यारों के साथ गौमाता की पूजा अर्जना की गई। गौवर्धन पूजन उत्सव में गौरव मिश्रा, प्रकाश सेन, प्रभाकर मिश्रा, रूपेश मिश्रा, आशीष नापित, ऋषभ सोनकर, ज्योतिष पाण्डेय, शिवनाथ द्विवेदी सहित स्थानीय लोगो ने सहभागिता निभाई।

---

## दीपावली की रात पटाखा विवाद बना जानलेवा

### नौरोजाबाद में कालरी कर्मचारी की पिटाई के बाद मौत

उमरिया।



दीपावली की रात जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में पटाखा फोडऩे को लेकर हुए विवाद ने खुशियों का त्योहार मातम में बदल दिया। वार्ड नंबर 8 नौरोजाबाद निवासी छठ कुमार साहू उम्र 50 वर्ष जो कुदरी कालरी में कर्मचारी थे, मंगलवार रात ड्यूटी से लौटते समय पड़ोसी सुशील सोनी और उनके बेटे रोहित तथा कृष्ण कुमार के साथ विवाद में पड़ गए। जानकारी के अनुसार विवाद पटाखा फोडऩे को लेकर बढ़ा और आरोपियों ने लाठी-डंडों से छठ कुमार पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल छठ कुमार किसी तरह थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर मोहल्ले में आक्रोश फैल गया। बुधवार सुबह परिजन मृतक का शव लेकर नौरोजाबाद थाने पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने तत्काल समझाइश देकर स्थिति को सामान्य किया।

एसडीओपी एस.सी. बोहित ने बताया कि प्रारंभिक जांच में स्पष्ट हुआ है कि विवाद पटाखा फोडऩे को लेकर हुआ। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने बताया कि घटना के दौरान छठ कुमार ने स्वयं थाने आकर शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर रात में ही मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामला हत्या के प्रकरण में दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र में शोक और गुस्से का माहौल पैदा कर दिया है। दीपावली की रात हुई इस वारदात ने इलाके में सुरक्षा और पड़ोसियों के बीच विवाद को लेकर चेतावनी का संदेश दे दिया है।

## पिकनिक से लौट रहे युवकों पर हमला, पांच घायल

शहडोल।

जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की शाम तालाब के पास उस समय हडक़ंप मच गया जब एक वाहन में सवार युवकों पर करीब 18 से 20 लोगों ने मिलकर हमला कर दिया। जानकारी के मुताबिक सभी युवक जुगवारी गांव के निवासी हैं और वाटर पार्क से पिकनिक मनाकर लौट रहे थे।











तभी रास्ते में तालाब के पास कुछ लोगों ने उन्हें घेर लिया और जमकर मारपीट कर दी। घटना में पांच युवक घायल हुए हैं, जिसमें मोहम्मद बिनशाद, मोहम्मद मोहिउद्दीन, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद शमशीर और मोहम्मद अकील शामिल हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा मोहम्मद अल्तमस और मोहम्मद शफीक को भी हल्की चोटें आई हैं। घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही सोहागपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। साथ ही कोतवाली पुलिस भी जिला चिकित्सालय पहुंच गई, अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए हैं, जिसके चलते सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रारंभिक जांच में यह मामला किसी जमीनी विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत होता है, हालांकि घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि विवाद का संबंध जुगवारी गांव के कब्रिस्तान की जमीन से है, जहां उनके अनुसार कब्रों से छेड़छाड़ की गई थी। वहीं घायलों का कहना है कि उनका इस मामले से कोई लेना-देना नहीं था और उन्हें रास्ते में रोककर निशाना बनाया गया। पुलिस ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। अब तक किसी भी पक्ष द्वारा औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं।

स्थानीय प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना ने इलाके में तनाव का माहौल तो बना दिया है, लेकिन पुलिस लगातार गश्त कर रही है ताकि कोई अप्रिय स्थिति न बने।

---

**टेटका मोड़ के पास सडक़ हादसा**

## अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत

शहडोल। जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के टेटका मोड़ के पास बुधवार रात एक अज्ञात वाहन ने एक महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी राहगीरों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम किया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घटना टेटका मोड़ स्थित बहरा पुलिया के पास हुई, जहां सडक़ पर लगभग 45 से 50 वर्ष की अज्ञात महिला का शव मिला। शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतका पिछले कई दिनों से शहडोल-रीवा मार्ग के आसपास भटकती दिखाई दे रही थी और उसकी मानसिक स्थिति कमजोर लग रही थी। इसकी सूचना पहले भी पुलिस को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार रात हुए हादसे में महिला की दर्दनाक मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और महिला की शिनाख्त तथा वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से युवक की मौत

### गुस्साए ग्रामीणों ने किया चक्का जाम



शहडोल। जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र के धनपुरा गांव में बुधवार शाम चारपहिया वाहन ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके पर वाहन छोडक़र फरार हो गया। पुलिस के अनुसार चारपहिया वाहन क्रमांक एमपी 54 सी 1031 ने हीरो होंडा डीलक्स एमपी 18 एमएन 5874 को टक्कर मारी। इस हादसे में अशोक बैगा उम्र 20 वर्ष निवासी धनपुरा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल है, जिसे बुढार अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मृतक का शव सडक़ पर रखकर बुढार-सिंहपुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया, जो एक घंटे से अधिक समय तक जारी रहा। लोगों ने मौके पर खड़ी चारपहिया गाड़ी में तोडफ़ोड़ भी की। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि फरार वाहन चालक को तत्काल गिरफ्तार कर मृतक परिवार को मुआवजा दिया जाए। बताया जा रहा है कि जिले में यह दिन का दूसरा चक्का जाम है। इससे पहले दोहरी हत्या के विरोध में शहडोल-बुढार मार्ग पर चार घंटे तक जाम लगाया गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

संकल्प साहू की ओर से समस्त जिलेवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
संकल्प कम्प्यूटर
"दीपावली धमाका सभी कंपनियों के कम्प्यूटर उपलब्ध"
"कम्प्यूटर केवल 9999" "लैपटॉप 12999" "प्रिंटर केवल 9999"
"हर खरीदी पर निश्चित उपहार एवं कैशबैक ऑफर"
नोट- कम्प्यूटर लैपटॉप खरीदी पर फिनो बैंक की आईडी फ्री में दी जाती है।
प्रोप्राइटर-संकल्प साहू
मो. नं.- 7898761455, 7489134250
संकल्प कम्प्यूटर आईसीसी बैंक के नीचे जनपद के सामने ब्यौहारी, शहडोल

**खबर संक्षेप**

### कृषक पुरस्कार से सम्मानित होंगे जिले के किसान

**उमरिया।** परियोजना संचालक आत्मा ने बताया कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनान्तर्गत जिले के सर्वोच्च उत्पादकता हासिल करने वाले कृषकों को जिला स्तर पर व कृषक ब्लाक स्तर पर सर्वोत्तम कृषकों को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है। सम्मान 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसानों को दिया जाना है। उन्होंने बताया कि जिले के तीनों विकासखण्ड से एक-एक किसान को सर्वोच्च उत्पादकता पुरस्कार दिया जाएगा। जिले के समस्त प्रगतिशील कृषकों (जिसमें कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन,कृषि अभियांत्रिकी) से अपेक्षा है, कि वे अपने क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत कृषि विस्तार अधिकारी या सीधे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर आवेदन प्राप्त कर निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते है। किसान अपने आवेदन संबंधित विकासखण्ड कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखण्ड करकेली/ मानपुर/ पाली में 15 नवम्बर 2025 तक जमा कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। किसान भाई अधिक जानकारी हेतु कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा समिति जिला उमरिया के कार्यालयीन समय में एवं दूरभाष क्रमांक 07653-222421 पर संपर्क कर सकते है।

### माता लक्ष्मी जी की मूर्ति का आज होगा धूमधाम के साथ विसर्जन



**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** इस वर्ष प्रथम बार माता लक्ष्मी जी की मूर्ति ग्राम सको ला मैं रखा गया ग्रामीण जन एवं मोहल्ले वासियों ने एकत्रित सहयोग से साज सजावट करके माता जी की मूर्ति का विधि विधान पूजा किया गया और शाम होते ही डीजे लगाकर छोटे-छोटे बच्चे गरबा डांस किया इस मौके पर पूर्व विधायक सुनील शराफ पहुंचे मौके पर ही माताजी का पूजा हो रहा था उसमें सम्मिलित हुए फिर ग्रामीण जनों को माइक द्वारा अच्छी-अच्छी बातों से अवगत कराया गया बाद में प्रसाद वितरण हुआ जिसमें अमरनाथ साहू राजकुमार साहू राजेंद्र विश्वकर्मा एवं रौनक साहू और मोहल्ले वासी ग्रामीण जन की भारी सहयोग प्राप्त हुई आज दूसरे दिन माता श्री लक्ष्मी जी का बहुत ही धूमधाम से डीजे और रथ सवारी गांव मोहल्ले में फेरी लगाते हुए विसर्जन किया जाएगा।

### मुक्तिधाम को धनतेरस के दिन 1100 दीपक से प्रकाशमय करते हुए किया गया जगमग



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के वार्ड क्रमांक 04 मे स्थित मुक्तिधाम को धनतेरस के दिन 1100 दीपक से प्रकाशमय करते हुए मुक्ती धाम को जगमग किया गया है जो एकादशी तक निरंतर दियो को जलाते हुए प्रकाशमय किया जायेगा। बाबा महाकाल के भक्त निक्की शर्मा ने बताया कि अपने पूर्वजो की सेवा और मोक्ष के पवित्र स्थल को प्रकाशित करने से आत्मीय संतोष मिलता है उन्होंने सभी को आमंत्रित करते हुए सहभागिता की अपील की है।

### पार्षद श्रीमती मीना सोनी का निधन

**कोतमा।** नगर पालिका की वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद श्रीमती मीना सोनी का मंगलवार की रात निधन हो गया। बताया जाता है कि वह अपने कमरे मे सो रही थी रात्रि 12 बजे पुत्र सुमित घर आया और कमरे मे गया तो देखा कि मम्मी का हाथ पैर फैला हुआ है और मुंह खुला था तत्काल ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## गोवर्धन पूजा उत्सव में उमड़ा आस्था और संस्कृति का संगम

# विधायक-कलेक्टर पकरिया पहुंचे, गौशाला का किया निरीक्षण







शहडोल।

**जिले के बुढ़ार जनपद की ग्राम पंचायत पकरिया में मंगलवार को पारंपरिक आस्था, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ गोवर्धन पूजन उत्सव मनाया गया। शासन के निर्देशानुसार गौशाला परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विधायक जयसिंह मरावी और कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विशेष रूप से उपस्थित होकर विधि-विधान से गोवर्धन पूजन किया और जिलेवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अतिथियों ने ग्रामीण परंपरा के अनुसार गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर पूजा-अर्चना की और गौमाता की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान ग्रामवासी, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं, पशुपालक और स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।**

#### गाय खेती की आधारशिला

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि यह हमारी ग्रामीण आत्मा और कृषि संस्कृति का उत्सव है। उन्होंने कहा कि गाय न केवल हमारे जीवन और अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि पर्यावरण और खेती की आधारशिला भी है। उन्होंने ग्रामवासियों से गौसेवा को आत्मिक श्रद्धा से करने का आग्रह किया।

#### दीपक गौसेवा की प्रेरणा

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि गौशालाएं केवल गौ संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि यह आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की पहचान हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि वे गौसेवा, स्वच्छता और जैविक खेती में सक्रिय भूमिका निभाएं। डॉ. सिंह ने कार्यक्रम में समाजसेवी दीपक चौधरी की भी सराहना करते हुए कहा कि दीपक चौधरी जैसे युवा ग्रामीण विकास और गौसेवा की प्रेरणा हैं, जो समाज में सकारात्मक सोच और संगठन की मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने साथ ही भीम समाज के बुद्धू चौधरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि ग्राम पकरिया में सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना प्रशंसनीय है, जिसमें हर वर्ग मिलकर परंपरा और पर्यावरण के संरक्षण में योगदान दे रहा है।

#### गायों के स्वास्थ्य का रखा जा रहा ध्यान

कार्यक्रम में सरपंच गेंद बाई बैगा और उपसरपंच रेखा बुद्धू चौधरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए ग्राम पंचायत की ओर से गौशाला में चल रही गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्रामवासियों के सहयोग से गौशाला में गायों के लिए हरे चारे और चिकित्सा की व्यवस्था नियमित की जा रही है। उप संचालक पशु चिकित्सा एवं डेयरी विकास डॉ. अशोक सिंह ने बताया कि गौवंश की देखभाल हेतु शासन द्वारा 40 रुपये प्रतिदिन की सहायता राशि दी जा रही है और प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादन व जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही है।

#### स्वयंसेवकों-पशुपालकों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर गौसेवा में सक्रिय स्वयंसेवकों और पशुपालकों का शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। मंच पर जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पांडे, समाजसेवी दीपक चौधरी, बुद्धू चौधरी, सरपंच गेंद बाई बैगा, उपसरपंच रेखा बुद्धू चौधरी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक आरती के साथ गोवर्धन महाराज की जय के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा, और गौशाला प्रांगण में श्रद्धा, सेवा और संस्कृति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### खेतों में नरवाई जलाने पर होगी कार्यवाही

**उमरिया।** उप संचालक कृषि ने बताया कि फसलों की कटाई के बाद नरवाई जलाए जाने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिए गए है। यानी खेतों में नरवाई जलाई जाती है तो कार्यवाही होगी। नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है।आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत का दंडनीय होगा। उल्लेखनीय है कि जिले में खरीफ फसलों की कटाई प्रारंभ हो चुकी है, प्रायः देखने में आता है कि कृषक फसल काटने के बाद बचे हुए अवशेषों को आग को लगाकर नष्ट कर देते हैं। नरवाई में आग लगाने से भूमि की उर्वरकता नष्ट होती है। साथ ही अग्नि दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। जबकि यदि फसल अवशेषों को जलाने के स्थान पर उन्हें भूमि में वापस मिला दिया जाए तो मृदा में कार्बनिक पदार्थ एवं पोषक तत्वों में वृद्धि होगी जिससे मृदा के भौतिक गुण में सुधार होता है। उन्होने बताया कि मृदा स्वास्थ्य पर्यावरण एवं फसल उत्पादकता को दृष्टिगत रखते हुए फसल अवशेषों को जलाने की बजाय भूमि में मिला देने से मृदा को बहुत लाभ होता है। फसल अवशेषों से प्राप्त कार्बनिक पदार्थ भूमि में जाकर मृदा पर्यावरण में सुधार कर सुक्ष्मजीवी अभिक्रियाओं को उत्प्रेरित करता है, जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होती है। खरीफ फसल में नरवाई जलाने के बजाए सुपरसीडर बेहतर विकल्प, समय और पैसे की बचत करने में सहायक है। खरीफ फसलों की कटाई के बाद खेतों में बचे हुए अवशेषों के प्रबंधन एवं रबी फसलों गेहूं, चना, सरसों की सीधी बोनी सुपर सीडर, हैप्पी सीडर से बोनी की जा सकती है। इसके जरिए किसानों का समय के साथ पैसा भी बचता है, इसके लिए किसान समय एवं लागत की बचत कर अच्छा उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही जीरोटिल सीडड्रिल, रोटावेटर, रीपर कम्बाईन, बेलर, मल्चर आदि यंत्रों का उपयोग नरवाई प्रबंधन में किया जा सकता है, धान फसल की कटाई के बाद सुपरसीडर द्वारा एक बार में ही फसल अवशेष को मिट्टी में मिलाने तथा जुताई बुआई का कार्य लिया जा सकता है।

# गोवर्धन पूजा पर जिले भर में कार्यक्रम संपन्न









उमरिया।

गोवर्धन पूजा के अवसर पर करकेली विकासखंड के ग्राम मुण्डा एवं कौडिय़ा मे कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्राम मुंडा में आयोजित कार्यक्रम मे विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने कहा कि सनातन काल से गायों की पूजा होती आ रही है। गायों मे विभिन्न देवी देवताओ का वास होता है। इसलिए आवश्यक है कि गायों की पूजा करें। इसके साथ ही गायो को सडक़ो पर नही छोडे । गायो का लालन पालन घर के सदस्य की भांति करे । गाय को घर के सदस्य की तरह माने ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार के आव्हान पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। गाय को माता का दर्जा दिया गया है। गाय को छूने मात्र से कई प्रकार की बीमारियो का निवारण हो जाता है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा किसानो की आय बढाने के लिए कई योजनाओ का संचालन किया जा रहा है। पशु पालक आगे बढक़र इन योजनाओ का लाभ प्राप्त करें। उन्होने कहा कि दुग्ध समृध्दि संपर्क अभियान के तहत पशु पालको से संपर्क कर उन्हें योजनाओ की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के प्रारंभ मे उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं के के पांडेय ने कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान गोवर्धन की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई तथा गाय को गुड, चना, पूडी खिलाई गई ।

इस अवसर पर उप सरपंच नीलेश सिंह, भईया बहादुर सिंह,राजेश सिंह, प्रमोद सिंह सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे। कौडिया में आसुतोष अग्रवाल की उपस्थिति में गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विदित हो कि गोवर्धन पूजा पर जिले भर की गौशालाओं मे गोवर्धन पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## विधायक बांधवगढ, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने पुष्प चक्र अर्पित कर अर्पित की श्रद्धांजलि

# पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन में कार्यक्रम संपन्न









उमरिया।

पुलिस स्मृति दिवस कर्तव्य पारायणता, देश एवं समाज के लिए सब कुछ न्यौछावर करके देश की बाह्य एवं आंतरिक सुरक्षा करने के साथ हर कीमत पर की अस्मिता की रक्षा करना सिखाता है। उक्त आशय के उद्गार विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह ने पुलिस प्रशिक्षण शाला उमरिया में पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी ने सर्वप्रथम शहीदों के नाम वाचन किया गया । उन्होने कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए प्राणों का बलिदान करने वाले शहीदों की शाहादत को हमेशा याद रखा जाएगा । इस अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सत्या सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने पुष्प, चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रध्दांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीदो के परिवार जनों का शाल एवं श्रीफल से सम्मादनित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शहीदो को सलामी एवं शोक शस्त्र तथा परेड व्दारा शहीद स्मारक के दाहिने - बाएं से अंतिम सलामी दी गई । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सहित शहीद के परिवार जनों ने शहीद शिवपाल कोल,शहीद सीताराम रघुवंशी को फूल अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ,एसडीओपी पुलिस नागेंद्र सिंह,नगर निरीक्षक उमरिया, सहित पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दीपों की रोशनी से बनाई गई दीपावली

**हरिभूमि न्यूज बदरा/जमुना।** शुभ दीपावली मैं रंग बिरंगी रंगोली सजाकर माता लक्ष्मी का स्वागत किया गया ग्रामीण क्षेत्र में घर आंगन एवं द्वार पर खूबसूरत रंगोली शिवानी विश्वकर्मा, साक्षी विश्वकर्मा, सुभाषिनी द्वारा मनमोहक रंगोली सजाया गया विश्वकर्मा भवन एवं सकोला के ग्रामीण क्षेत्र में विधि विधान श्री माता लक्ष्मी एवं प्रथम पूज्य श्री गणेश जी की पूजा के बाद खूब आतिशबाजी किया गया शुभ मुहूर्त में विधि विधान पूजा में सम्मिलित पारसनाथ विश्वकर्मा एवं सुभाष विश्वकर्मा द्वारा विश्वकर्मा भवन में पूजा अर्चना किया गया दीपावली में मिट्टी के दिए से घर के कोने-कोने में दीपक से रोशन पूरे गांव में देखा गया वहीं बड़ी धूमधाम से त्यौहार में सब आनंद पूर्वक देर रात तक आतिशबाजी में सभी सम्मिलित रहे।



### 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन

उमरिया।

न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को किया गया है । लोक अदालत में न्यायिक प्रकरण आपराधिक, सिविल, श्रम, मोटरयान दुर्घटना क्षति दावा प्रकरण, कुटुम्ब, न्यायालय के लंबित, प्रिलिटिगेशन के समझौता योग्य प्रिलिटिगेशन के रूप में सभी बैंको के प्रकरण , नगर पालिका समकेतिक कर एवं जलकर एवं विद्युत प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा । प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया ने अधिवक्ताओ एवं आम जन मानस से अपील की है कि आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं ।

## थाना बिजुरी द्वारा अवैध रेत परिवहन, अवैध जुआ फड व अवैध पटाखे के विरुद्ध कार्यवाही 604115 रुपये का मशरुका जप्त

हरिभूमि न्यूज बिजुरी।



पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना बिजुरी पुलिस द्वारा दीपावली कानून व्यवस्था ड्यूटी के साथ अवैध गतिविधियों रेड कार्यवाही कर 05 प्रकरण पंजीबध कर 12 आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। जिसका घटना विवरण इस प्रकार है 01. 20 अक्टूबर को दौरान गश्त मुखबिर सूचना पर मैनटाला केवई नदी घाट से महिन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर क्र. ब्ळ10न्8255 का चालक अमित उर्फ कान्हा श्रीवास्तव उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम डोगरिया कला का ट्राली मे रेत खनिज लोड कर रहा था जिसे मौके पर जाकर वैध कागजात एवं रेत से संबंधित टीपी मांगे गए जो कोई कागजात एवं टीपी नही होना बताया जिससे उक्त ट्रेक्टर मय रेत भरी ट्राली को समक्ष गवाहो के जप्त कर अपराध धारा 303 (2), 317 (5), बीएनएस. 4/21 खनि. अधिनियम एवं 130/177(3) एम.व्ही एक्ट का कायम कर अनुसंधान मे लिया गया। जप्त मशरुकाः- ट्रेक्टर की कीमत 500000 रुपयें एवं रेत खनिज की कीमत 5000 रुपये कुल मशरुका 505000 रुपये। 02. 20 अक्टूबर को अवैध रुप से विभिन्न प्रकार के आतिसबाजी पटाखा अपनी किराना दुकान में रखे होने की मुखबिर की सूचना पर ग्राम बहेराबांध पहूंचकर सूचना की तस्दीक की गई तो आरोपी बादल अहिरवार पिता रीवनदास अहिरवार उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम बहेराबांध का अपनी किराना दुकान में अवैध रुप से दो कार्टुन में एवं आरोपी मुकेश श्रीवास्तव पिता विजयकुमार श्रीवास्तव उम्र 41 वर्ष निवासी कोठी का अपनी किराना दुकान में अवैध रुप से दो कार्टुन, एक बोरी, एक केरैट में विभिन्न प्रकार के छोटे बडे आतिसबाज़ी विस्फोटक पटाखे उपेक्षापूर्ण आचरण से रखे पाये गये जिनसे पटाखे रखने की अनुज्ञप्ति की मांग की गई जो नही होना बताये उक्त पटाखे खुले स्थान पर रखे पाए गए जिनसे कभी भी विस्फोट होकर बडी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई थी जिससे दुकान में सामान खरीदने आने जाने वालो के जीवन को संकटापन्न की स्थिति निर्मित हो सकती है उक्त विस्फोटक सामग्री को समक्ष गवाहो के प्रथक प्रथक विधिवत जप्त कर प्रथक प्रथक अपराध धारा 288 बीएनएस का कायम कर अनुसंधान में लिया गया है।

03. 20 अक्टूबर को मुखबिर सूचना पर प्राप्त हुई कि लोहसरा में अर्जुन धनवार की बाड़ी मे मोमबत्ती जलाकर प्रकाश मे ताश के पत्तों से कट पत्ती के द्वारा आपस मे रुपये पैसों का दाव लगाकर हारजीत की बाजी से जुंआ खेल रहे हैं मुखबिर की सूचना की तस्दीक कर रेड कार्यवाही की गई तो आरोपी जुंआड़यिान राम अवतार धनवार पिता ननकू धनवार उम्र 60 वर्ष, अर्जुन धनवार पिता कनकदास धनवार उम्र 19 वर्ष, विकास यादव पिता गंगू यादव उम्र 19 वर्ष, गणेश धनवार पिता उमादास धनवार उम्र 19 वर्ष, यशवंत सिंह धनवार पिता सुंदरलाल धनवार उम्र 19 वर्ष, जमुना शर्मा पिता विजय कुमार शर्मा उम्र 25 वर्ष सभी निवासी लोहसरा बिजुरी को जुंआ खेलते पकड़ा गया तथा उनके जुंआ फड़ एवं पास से 2280 रुपये नगदी तास के 52 पत्ते, एक बोरी, एक अधजली मोमबत्ती, एक डिब्बी माचिस गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा धारा 13 जुंआ एक्ट का अपराध पाये जाने से अपराध सदर कायम कर विवेचना मे लिया गया। 04. 20 अक्टूबर को मुखबिर सूचना पर प्राप्त हुई कि कपिलधारा कालोनी के बगल मे रोडलाईट के नीचे ताश के पत्तों से कट पत्ती के द्वारा आपस मे रुपये पैसों का दाव लगाकर हारजीत की बाजी से जुंआ खेल रहे हैं मुखबिर की सूचना की तस्कीक कर रेड कार्यवाही की गई तो आरोपी महेन्द्र पटेल पिता रामसहाय पटले उम्र 47 वर्ष, कुलदीप सिंह बघेल पिता मानसिंह बघेल उम्र 30 वर्ष, भरत सिंह पिता स्व. जगदीश सिंह पवार उम्र 32 वर्ष सभी निवासी कपिलधारा कालोनी बिजुरी को जुंआ खेलते पकड़ा गया तथा उनके जुंआ फड़ एवं पास से 835 रुपये नगदी, तास के 52 पत्ते, एक बोरी, तीन नग एन्ड्रायड मोबाइल कीमती 40000 रुपये गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जे पुलिस लिया गया तथा धारा 13 जुंआ एक्ट का अपराध पाये जाने से अपराध सदर कायम कर विवेचना मे लिया गया।

खबर संक्षेप

### रेलिंग विहीन बरबसपुर पुलिया पर फिर हादसा, युवक गंभीर



**उमरिया।** जिला मुख्यालय से सटे बरबसपुर पुलिया पर मंगलवार शाम फिर दर्दनाक हादसा हो गया। ग्राम बरदौहा निवासी श्यामलाल पिता अच्छेलाल अपनी बाइक से गुजर रहे थे कि अचानक वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा। हादसे में युवक के सिर पर गंभीर चोट आई। ग्रामीणों की मदद से उसे जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ हालत नाजुक होने पर शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि घायल को गंभीर हेड इंजुरी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरबसपुर पुलिया पर वर्षों से रेलिंग नहीं है, जिसके कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। कई बार मांग के बावजूद विभागीय अमला अब तक उदासीन बना हुआ है। इसी शाम घुलघुली चौराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में छह लोग घायल हो गए। एक बाइक में धनवाही निवासी गुलाब पिता गोविंद बैगा उम्र 35 वर्ष, शक्ति बैगा उम्र 50 वर्ष और कंधी पिता राकेश बैगा उम्र 30 वर्ष सवार थे, जबकि दूसरी बाइक पर पाली क्षेत्र के ग्राम बकेली निवासी सत्यम पिता प्रेमलाल बैगा उम्र 20 वर्ष, किसान पिता दद्दू बैगा उम्र 21 वर्ष और राजकुमार पिता रामजियावन बैगा उम्र 18 वर्ष थे। सभी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय नागरिकों ने दोनों ही घटनाओं पर प्रशासन की लापरवाही पर रोष जताया है।

### दीपावली पर सुआ रीना नृत्य की छटा



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक, जो पतित पावनी मां नर्मदा की उद्गम स्थली के रूप में प्रतिष्ठित है, वहां दीपावली के पावन अवसर पर पारंपरिक लोक संस्कृति की अनुपम झलक देखने को मिली। उद्गम स्थल परिसर के सामने ग्रामीण अंचल की महिलाओं ने पारंपरिक सुआ रीना गायन एवं नृत्य के माध्यम से त्योहार की खुशियाँ अपने विशेष अंदाज़ में मनाईं। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर, सिर पर मिट्टी से बनी सुआ (तोता) की मूर्ति के साथ गीत गाए और लयबद्ध नृत्य प्रस्तुत किया। इस नजारे को देखकर वहां उपस्थित पर्यटक और तीर्थ यात्री भावविभोर हो उठे। भारी संख्या में लोगों ने इस जीवंत प्रदर्शन को देखा और सराहा। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने बताया कि सुआ रीना नृत्य केवल एक पारंपरिक प्रदर्शन नहीं, बल्कि अपनी लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का एक सशक्त माध्यम है। विशेष रूप से दीपावली के समय जब महिलाएं खेतों के कार्यों से अवकाश में होती हैं, तब वे समूह में इकट्ठा होकर यह नृत्य करती हैं। इससे सामूहिकता, मेल-जोल और सामाजिक सहयोग की भावना को भी बल मिलता है।

# श्री राम जानकी मंदिर में गोवर्धन पूजा

# अन्नकूट 56 भोग लगाकर भंडारे का आयोजन

### साकेत वासी मंहत राम बालक दास महाराज की बनाई गई परंपरा यथावत जारी

दीपावली के द्वितीय दिवस श्रीराम जानकी मंदिर में गोवर्धन पूजा अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाते हुए 56 प्रकार के व्यंजनों को बनाकर ठाकुर जी को अर्पित किया।

बुढार।



सुबह 11 बजे से मंदिर प्रांगण में गोवर्धन भगवान की पूजा अर्चना विधिः विधान पूर्वक आचार्या के द्वारा विदिक मंत्रोच्चार के साथ स्तूति कर भगवान को भोग प्रसाद लगाकर अन्नकूट भंडारे का आयोजन किया किया गया।

मंदिर के मंहत अर्जून दास जी ने कहा कि गत वर्षों से साकेत वासी नारायण दास शास्त्री जी एवं श्री राम बालक दास महाराज जी के द्वारा चलाई गई परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज अन्नकूट गोवर्धन पूजा भंडारे का आयोजन को नगर के समस्त श्रद्धालु जनों के सहयोग से आगे बढ़ाया है यह परंपरा निरंतर चलती रहेगी।

मंहत अर्जून दास ने श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वचन देते हुए कहा कि आप सभी लोगों ने जो अपना अमूल्य समय देकर धर्म के मार्ग में चल कर जो सहयोग प्रदान किया है इसी तरह हमेशा ऐसा ही सहयोग प्रदान करें। सभी को दीपावली, भाई-दूज पर्व की अनंत शुभकामनाएं दी। गोवर्धन पूजा अन्नकूट भंडारे में विधायक श्रीमती मनीषा सिंह,जय सिंह मरावी, पूर्व विधायक छोटे लाल सरावगी, संतोष दीक्षित,पं किशोरी लाल चतुर्वेदी,भानू दीक्षित श्रीमती शालिनी सरावगी, पुष्पेन्द्र ताम्रकार,राजा सरावगी,ओम दीक्षित,उग्र भान अवस्थी,सुजीत सिंह चंदेल,सोनु आहुजा, अनिल तिवारी, अरविंद नायक, आशीष नामदेव, विक्रम सिंह,अजय सिंह, विजय ताम्रकार, सहित मंदिर के समस्त जन सहयोगियों का सराहनीय सहयोग रहा।

## कोतमा पुलिस ने आधा दर्जन जगह सजे जुआ के फड़ में छापामारी करते हुए 20 जुआरियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे दीपावली पर्व के दौरान जुआरियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे। कोतमा पुलिस ने आधा दर्जन जगहों में सजे जुआ के फड़ में छापामार कार्यवाही करते हुए 20 जुआरियों से नगदी 33490 रुपए एवं ताश के 52 पत्तों के साथ जुआ खेलते पकड़ा है। कार्यवाही के बारे में थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल ने बताया कि अति. पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम तथा एसडीओपी श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में जुआबाजों के खिलाफ दीपावली पर्व पर 6 अलग अलग कार्यवाही करते हुए अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पैरीचुआ में तालाब के किनारे तास के पत्तो से हार जीत का दांव लगा कर जुआं खेल रहे 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिनमें अविनाश सोनी पिता दीपकुमार सोनी उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 01 दफाई टोला, दुर्गेश कुमार वर्मा पिता रमेश कुमार वर्मा उम्र 25 वर्ष, बाबूलाल पनिका पिता भीमसेन पनिका उम्र 39 वर्ष दोनों निवासी वार्ड नं0 02 पैरीचुआ, सुजीत गुप्ता पिता विनोद गुप्ता उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड 04 दर्री टोला कोतमा, मनजीत गिरी पिता नवल गिरी उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी वार्ड 04 दर्री टोला कोतमा, राहुल पनिका पिता धनीराम पनिका उम्र 25 वर्ष निवासी पैरीचुआ के कब्जे से नगदी 17910 रूपये एवं 52 तास के पत्ते जप्त किया गया।इसी प्रकार केशवाही रोड़ कमलेश केवट के खेत के पास दबिश देकर अमीर खान पिता स्व. सब्बीर खान उम्र 32 वर्ष, उमेश केवट पिता स्व. दीनदयाल केवट उम्र 30 वर्ष दोनों निवासी वार्ड नं0 05 बस्ती कोतमा एवं कमलेश मांझी पिता लालमन केवट उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड 06 को जुआ खेलते पकड़ा गया। अमित यादव पिता दुलारे लाल यादव उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नं0 06 कोतमा, लखन शुक्ला पिता स्व. अवधेश शुक्ला उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड 6 बस्ती कोतमा पकड़ा गया। थाना कोतमा केशवाही रोड किनारे दांव लगा कर जुआं खेल रहे आरोपी जुगेश गुप्ता पिता स्व. नारायण गुप्ता उम्र 60 वर्ष, अजय प्रजापति पिता हीरालाल प्रजापति उम्र 22 वर्ष, आशीष वंशकार पिता नत्थूलाल प्रजापति उम्र 32 वर्ष दोनों निवासी वार्ड नं 04 कोतमा के कब्जे से नगदी एवं तास के 52 पत्तों को जप्त किया गया। इसी प्रकार मगरदहा टोला वार्ड न. 08 रोड किनारे स्ट्रीट लाइट के नीचे कुछ व्यक्ति तास पत्तो से रूपयों पैसो से हार जीत का दांव लगाने पर घेराबंदी कर रामकुमार सिंह पिता महकम सिंह उम्र 55 वर्ष, कुवेर सिंह गोंड पिता सुखलाल सिंह गोड उम्र 28 वर्ष दोनों निवासी वार्ड न. 08 मगरदहा टोला कोतमा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पैरीचुहा क्रेशर के पास जुआं खेलने की सूचना पर धर्मेन्द्र केवट पिता बाबुलाल केवट उम्र 36 साल, गुलाब गुप्ता पिता रामसुहावन गुप्ता उम्र 36 वर्ष, दुर्गेश कुमार वर्मा पिता रमेश कुमार वर्मा उम्र 25 वर्ष, बाबुलाल पनिका पिता भीमसेन पनिका उम्र 39 वर्ष सभी निवासी ग्राम पेरीचुहा के कब्जे से 9730 रूपये, 52 तास के पत्ते जप्त किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट में मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में की गई छापेमारी में सउनि सुखीनंद यादव, गोविंद प्रजापति, संजीव त्रिपाठी, कपिल उईके, रामपाल पटेल, सुरेन्द्र सिंह, रामखेलावन यादव, मनोज उपाध्याय, अभय त्रिपाठी, आंशु कुमार, नरेन्द्र खवादे, महेश साहू, अनिल मरावी, सुनील मिश्रा शामिल रहे।

## किन्नरों ने जमकर ठुमके लगाए, दी दुआएं

## उपहार स्वरूप सिक्का भेंट किया



बुढार।

दीपाली में हर वर्ग के दीपोत्सव पर्व को धूमधाम से मनाने कोई कमी न रह जाए उत्सव एवं उत्साह में वही किन्नरों ने भी नगर के प्रतिष्ठानों में जाकर नाच-गाने के साथ लोगों को दुआएं देकर दीवाली भिक्षाटन मांग कर जमकर ठुमके लगाए।

कोयलांचल क्षेत्र किन्नरों की सरदार निशा मौसी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि साल भर के बाद आतीं हुं अपने नगर वासियों को दुआएं देने उनका परिवार बीवी बच्चे खुशहाल रहें मेरी दुआएं उनके साथ है। मौसी ने सभी व्यापारियों को उपहार स्वरूप सिक्का प्रदान किया।



## नंदी गौसेवा धाम-पाण्डवनगर गौशाला में श्रद्धा और उत्साह से हुआ गोवर्धन पूजन

**शहडोल।** दीपावली के पश्चात मनाए जाने वाले गोवर्धन पर्व के अवसर पर नंदी गौसेवा धाम-पाण्डवनगर गौशाला में सोमवार को गोवर्धन पूजा का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। पूजन सामग्री से पुजारी द्वारा गोवर्धन पर्वत का प्रतीक रूप निर्मित कर पूजा की गई और भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर गोकुलवासियों की रक्षा करने की कथा का वर्णन किया गया। इसके उपरांत हवन और आरती के बाद गौमाताओं को विविध व्यंजन, फल एवं मिठाइयाँ खिलाई गईं। आयोजक विकास जोतवानी ने बताया कि नंदी गौसेवा धाम द्वारा यह आयोजन सभी गौसेवकों के सहयोग से संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि यह समाज में एकता, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, पार्षद सिल्लू रजक, अमित मिश्रा, जीतेंद्र सिंह, प्रभात पांडेय और विकास जोतवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने गौसेवकों के साथ मिलकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में विक्रम, कल्याणी, मुकेश, रॉकी, गुड्डु, अमित, महेश, लकी, विक्की, दीपक, खुशी, भगवन, संदीप और जिमी सहित अनेक गौसेवक मौजूद रहे।

# किरण टॉकीज दुर्गा पूजा बावली विवाद पर 200वें दिन स्थगित हुआ शांतिपूर्ण अनशन

शहडोल।

किरण टॉकीज स्थित दुर्गा पूजा सामाजिक एवं धार्मिक सरोकारों से जुड़ी 50 करोड़ रुपए मूल्य की ऐतिहासिक बावली पर हुए कथित अतिक्रमण के विरोध में चल रहा शांतिपूर्ण संघर्ष और क्रमिक अनशन सोमवार को अपने 200वें दिन पर पहुंच गया। इस लंबे आंदोलन के दौरान नागरिकों ने बावली की सुरक्षा, अतिक्रमण हटाने और साफ-सफाई की मांग को लेकर लगातार धरना-प्रदर्शन और अनशन जारी रखा था।

अनशनकारियों के प्रतिनिधिमंडल की जिला प्रशासन के साथ हुई विस्तृत बैठक के बाद प्रशासन ने बावली पर हुए अतिक्रमण को हटाने और उसकी साफ-सफाई कराने का आश्वासन दिया। प्रशासन ने कहा कि तीन माह के भीतर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्रशासनिक आश्वासन के बाद आंदोलन नेतृत्व वर्ग ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि यह अनशन तीन माह के लिए स्थगित किया जाएगा।




नेताओं ने स्पष्ट किया कि आंदोलन समाप्त नहीं हुआ है, बल्कि प्रशासन को सकारात्मक अवसर देने के लिए अस्थायी रूप से स्थगित किया गया है। यदि निर्धारित समयावधि में बावली की सफाई और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नहीं होती, तो जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुनः जनआंदोलन और बावली सफाई अभियान शुरू किया जाएगा। आंदोलन के नेतृत्वकर्ताओं ने कहा कि यह संघर्ष शहडोल की जनता की एकता, संयम और सामाजिक जागरूकता का प्रतीक है। 200 दिनों तक चले इस आंदोलन में शहर के व्यापारियों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। उन्होंने सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया और आगे भी इसी एकता को बनाए रखने की अपील की। आवश्यक बैठक में धर्मेंद्र श्रीवास्तव, रंजीत बसाक, शिवेंद्र सिंह, राजेंद्र रजक, प्रदीप सोनी, संदीप सोनी, मुरली गुप्ता, जय गुप्ता, सुमित बह रानी, मनोज अग्रवाल, प्रदीप लालवानी, रोहित गुप्ता, आदित्य गुप्ता, विनोद शर्मा, रुस्तम रजक, ज्ञानेश जायसवाल, अनीता गुप्ता, माधुरी गुप्ता, पिंकी लक्ष्यकार, अनुपम सिंह, रीनू गुप्ता, ललिता वर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। नेतृत्व वर्ग ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति या संगठन का नहीं, बल्कि जनआस्था और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा के लिए जनता का आंदोलन है। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि वह अपने आश्वासन के अनुरूप शीघ्र कार्यवाही करेगा ताकि शहडोल की यह ऐतिहासिक बावली अपने मूल स्वरूप में पुनः जीवंत हो सके।

## उत्तर पूर्व भारतीय संघ करेगा भव्य छठ पूजा का आयोजन, पेंड्रा के कलाकार देंगे नरसिम्हा एवं काली नाट्य की विशेष प्रस्तुति

शहडोल।

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ 25 अक्टूबर से नहाय-खाय के साथ प्रारंभ होगा। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी उत्तर पूर्व भारतीय संघ द्वारा नगर में छठ पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। चार दिवसीय इस पर्व में नगर के सभी उत्तर भारतीय समाजजन बड़ी श्रद्धा और उत्साह से भाग लेंगे। संघ के महासचिव प्रोम्पी कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष भी छठ पूजा नगर के तीन प्रमुख घाटों मोहनराम तालाब, बड़ी भीट और एमपीईबी के पीछे मुडन्ना नदी घाट पर संपन्न होगी। तीनों घाटों पर साफ-सफाई, साज-सज्जा और प्रकाश की व्यवस्थाएं प्रारंभ कर दी गई हैं। आयोजन समिति के सदस्य स्वयं स्थल पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के स्थान पर पेंड्रा से आए कलाकार नरसिम्हा एवं काली नाट्य की विशेष नाट्य प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम 27 अक्टूबर की शाम आयोजित किया जाएगा। मंच से छठ पूजा की महिमा, महत्व और परंपरा का वर्णन माइक के माध्यम से किया जाएगा तथा पूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण और श्लोकों का प्रसारण भी





होगा। संघ द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई है। इस बार लगभग पांच क्विंटल आटे से ठेकुआ तैयार किया जाएगा, जो तीनों घाटों पर उपस्थित श्रद्धालुओं में वितरित किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य प्रसाद सामग्री का भी व्यापक वितरण किया जाएगा।

छठ पूजा का पहला दिन नहाय-खाय, दूसरा दिन खरना, तीसरे दिन अस्त होते सूर्य को अघ्र्य और चौथे दिन उगते सूर्य को अघ्र्य देने के साथ पर्व का समापन होगा। 27 अक्टूबर की शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अघ्र्य अर्पित किया जाएगा, जबकि 28 अक्टूबर की सुबह उदीयमान सूर्य को अघ्र्य देने के साथ यह महापर्व संपन्न होगा। संघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह, संरक्षक कमल प्रताप सिंह, संयोजक प्रवीण शर्मा 'डोली', महासचिव प्रोम्पी कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष उत्पलकांत सिंह और उपाध्यक्ष अनिल सिंह ने बताया कि इस वर्ष भव्यता और अनुशासन के साथ आयोजन होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु समिति ने सुरक्षा, प्रकाश, पेयजल और स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की है। छठ पर्व की अनुपम छटा तब दिखाई देगी, जब हजारों श्रद्धालु एक साथ सूर्यदेव की आराधना में डूबे दिखाई देंगे। यह पर्व संतान की सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना के लिए समर्पित है, जिसे स्त्री-पुरुष समान श्रद्धा के साथ करते हैं। उत्तर पूर्व भारतीय संघ का यह आयोजन नगर में सामाजिक एकता और लोक परंपरा का प्रतीक बन गया है।

### दीपों के पर्व पर जगमग हुआ जिला

# पूरे जिले सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया दीपावली का पर्व

रोशनी का पर्व दीपावली पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। 20 अक्टूबर की रात अनूपपुर जिला सतरंगी रोशनी से जगमगाया नजर आया, तो वहीं घर व मंदिरों में शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की गई। मंदिरों में भी आस्था के साथ पर्व मनाया गया। मंदिरों में आकर्षक सजावट की गई। पूजा अर्चना के बाद आतिशबाजी का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक जारी रहा। आतिशबाजी की वजह से आसमान जगमग रोशन नजर आया। दीप पर्व की रात जिले के नगर आसमान रोशनी जगमग नहाये नजर आये शुभ मुहूर्त में घर, दुकान और मंदिरों में माता लक्ष्मी जी की पूजा अर्चना की गई।





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।

सोमवार को दीपावली का पर्व पूरे जिला मुख्यालय सहित मैकलांचल व कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। शहर और ग्रामीण इलाकों में लक्ष्मी और गणेश की मूर्तियों के साथ-साथ मिठाइयों और उपहारों की खरीदारी जोरों पर रही। लोग पटाखों की दुकानों पर भी जुटे रहे, जिससे बाजारों में रौनक और बढ़ गई। पटाखों की दुकानों पर लोग दोपहर से लेकर देर रात तक पटाखे खरीदते रहे, जिससे उत्सव का जश्न और भी रोचक बन गया। जिला मुख्यालय सहित कोतमा, बिजुरी, राजनगर, रामनगर, भालूमाड़ा, जमुना कालरी, राजेंद्रग्राम, अमरकंटक, जैतहरी, वेंकटनगर क्षेत्रों में मिठाई, चूढा और लक्ष्मी गणेश की मूर्तियों के लिए दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई। बाजारों में ग्राहकों की भीड़ ने एक उत्सव का माहौल बना दिया।

#### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

दीपावली को सकुशल मनाने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस और होमगार्ड के जवानों को तैनात किया गया था। इसके अलावा, जिला अस्पताल को एलर्ट मोड पर रखा गया था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों को 24 घंटे ऑन-कॉल रखा गया था। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार को धूमधाम से दीपावली मनाई गई। घर-घर दीप जलाए गए। रंग-बिरंगी झालरों की रोशनी से दफ्तर, मकान, दुकान जगमग नजर आए। खेत, सड़क, गली रोशनी से नहा उठी। कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या की रात जमीन से आसमान तक दीपोत्सव की रोशनी छा गई। लोगों ने घरों और प्रतिष्ठानों में विधि-विधान से भगवान गणेश व मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की। भक्तों ने मां लक्ष्मी से सुख समृद्धि की कामना की। पूजन के बाद रात में दस बजे से आतिशबाजी का सिलसिला शुरू हुआ। रंग-बिरंगी रोशनी आसमान में छा गई। आतिशबाजी के लिए बच्चों में होड़ लगी रही। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई देकर दीपोत्सव की बधाई दी। गांव, गली, मोहल्लों में देर रात तक चहल-पहल रही। दीपावली पर लोगों का उत्साह और हर्ष देखने लायक था। देर रात पटाखों की आवाज से शहर से लेकर गांव तक का इलाका गूंजता रहा। घर, खेत-खलिहानों में दीप जलाकर लोगों ने अमावस की काली रात को रोशन कर दिया। घरों के साथ ही बाजारों में व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर रंग-बिरंगी झालरों की रोशनी इठलाती रही। एक सप्ताह पहले से ही लोगों ने दीपावली के लिए घरों की सफाई कर सजाने का काम शुरू कर दिया था। दिन में लोगों ने पूजा के सामान, मिठाइयां व पटाखों के साथ लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति खरीदारी की।

#### कोतमा में विराजमान हुई काली

सोमवार को अमावस्या की रात्रि कोतमा नगर के गुरूद्वारा रोड, जखीरा चौक, पुरानी बस्ती, पीपल चौक, अटल चौपाटी में माता काली की प्रतिमा पंडाल सजाकर विधि विधान से स्थापित की गई। अमावस्या की रात नगर ढ़ोल नगाड़ों की थाप से गूंज उठा। काली पंडाल में भंडारे का आयोजन भी किया गया। माता काली के दर्शन के लिये लोगों की भीड़ रात में उमड़ पड़ी। दीपावली के दूसरे दिन मंगलवार को परिवा होने के कारण जिला मुख्यालय सहित कोतमा एवं कोयलांचल तथा ग्रामीण क्षेत्रों के बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ था। दुकानें पूरी तरह से बंद रही। परिवा होने के कारण मंगलवार को बसों का संचालन पूरी तरह से बंद रहा। सवारी गाड़ी मात्र संचालित रही, लेकिन वह भी खाली गई जो दीपावली के परिवा को सफर करना उचित नहीं समझते।

## अमरकंटक में दीपावली के अवसर पर 5100 दीपों से हुई पवित्र नगरी की सजावट



हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक जिसे नर्मदा जी के उद्गम स्थल के रूप में जाना जाता है, में इस दीपावली पर धार्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि का अद्भुत संगम देखने को मिला। दीपावली के पावन अवसर पर संध्या काल में यहां 5100 दीपों का प्रज्वलन किया गया, जिससे पूरा वातावरण दिव्य रोशनी में नहा गया।

इसके अलावा, 11 घृत दीपों का प्रज्वलन भी विशेष रूप से किया गया, जिससे इस आयोजन को और भी महात्म और ऐतिहासिक बना दिया। दीपों से सजी अमरकंटक की यह नगरी न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठी, बल्कि यहां आए भक्तों और पर्यटकों को एक अद्वितीय और यादगार अनुभव भी प्रदान किया। इस अवसर पर अमरकंटक नगर के महिलाएं और पुरुष सबसे पहले पतित पावनी मां नर्मदा के मंदिर में पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धापूर्वक मां नर्मदा को दीप दान किया। इसके बाद, अपने-अपने घरों में पूजन अर्चन कर, दीपावली के पर्व को आध्यात्मिक रूप से भी धूमधाम से मनाया। यह परंपरा हर साल यहां के स्थानीय निवासियों द्वारा बड़े श्रद्धा भाव से निभाई जाती है। दीपावली के इस विशेष मौके पर गुजरात, महाराष्ट्र, और पश्चिम बंगाल से आए श्रद्धालुओं ने अपनी पारंपरिक नृत्य शैलियों से समागम की खूबसूरती को और बढ़ा दिया। सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक बनते हुए इन भक्तों ने नृत्य और संगीत के माध्यम से एकता और प्रेम का संदेश दिया। आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक मेलजोल के इस अद्भुत संगम ने दीपावली के पर्व को और भी खास बना दिया। सभी श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को बधाइयां दी और सुख-समृद्धि की कामना की। यह पर्व न केवल अमरकंटक बल्कि पूरे देश के लिए एकता, प्रेम और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बन गया।



## रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा अनूपपुर में नवीन कार्यालय का लोकार्पण एवं श्री सत्यनारायण कथा आयोजित

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

साऊथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर काँग्रेस शाखा अनूपपुर के नवीन कार्यालय का लोकार्पण समारोह बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वास्तु पूजन एवं श्री सत्यनारायण महाराज की कथा से हुआ, जिसमें साऊथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर काँग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने अपनी धर्मपत्नी के साथ पूजा-अर्चना कर भाग लिया और फीता काटकर नवीन भवन का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पूर्व शाखा सचिव रामदास राठौर ने वर्तमान शाखा सचिव जंयतो दास को कार्यालय कक्ष की कुर्सी पर सुशोभित कर अभिनंदन किया। समारोह में संगठन के सभी शाखा पदाधिकारी, सदस्य एवं रेलवे परिवार के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा। अंत में दीप प्रज्वलन कर सभी ने संगठन की प्रगति और एकता की कामना की। इस पावन अवसर पर साऊथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर काँग्रेस शाखा, अनूपपुर की ओर से समस्त रेलकर्मी परिवार को दीपावली की मंगलकामनाएँ प्रेषित की गईं।



## मानवता की मिसाल : रेलवे मजदूर कांग्रेस के अध्यक्ष सिराज मंसूरी ने किया रक्तदान

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** रेलवे मजदूर कांग्रेस के पंचशील कार्यक्रम के तहत सेवा और सहयोग की भावना को साकार करते हुए शाखा अनूपपुर के अध्यक्ष एवं आर्बन बैंक डेलीगेट श सिराज अहमद मंसूरी ने सोमवार, 22 अक्टूबर को एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। बुढार शाखा के ट्रैक मेंटेनर अनिल कुमार पांडे जो लंबे समय से बीमार चल रहे हैं, उनका डायलिसिस संजीवनी हॉस्पिटल, अनूपपुर में जारी है। उन्हें बी$ रक्त की तत्काल आवश्यकता थी। जानकारी मिलते ही श्री मंसूरी ने निःस्वार्थ भाव से रक्तदान कर जीवनदायिनी सेवा का परिचय दिया। रेलवे मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने बताया कि "रक्तदान महादान है। सिराज मंसूरी ने संगठन के पंचशील सिद्धांत सेवा, सहयोग, समर्पण, संवेदना और संगठितता को व्यवहार में उतार कर सच्चे संगठन कर्मी होने का प्रमाण दिया है।" रेलवे परिवार सहित सामाजिक संगठनों ने श्री मंसूरी के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे मानवता के प्रति प्रेरक कदम बताया।



## घरों व प्रतिष्ठानों में हुई लक्ष्मी-गणेश की पूजा
## खूब चले पटाखे, काली मंदिर में पूजा हुई संपन्न

#### राजनगर में हर्षोल्लास के साथ मनी दिवाली व काली पूजा'

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** नगर परिषद बनगवां (राजनगर) क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार को दीपावली का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणेश जी व लक्ष्मी जी की घरो एवं प्रतिष्ठानों में पूजा हुई। काली मंदिर न्यू राजनगर तथा जोड़ा तालाब के पास भक्तों ने काली जी की पूजा की। नगर वासियों ने बड़े धूमधाम के साथ दीपावली पर्व को मनाया तथा एक दूसरे को बधाइयां दी। नगर का सभी क्षेत्र जगमगा रहे थे। घर के बाहर दीए जल रहे थे। कई लोगों ने अपने मकान में झालर लगाकर लाइटिंग की व्यवस्था की थी। जिससे घर कि सुंदरता और बढ़ गई थी।

#### भगत सिंह चौक राजनगर बना आकर्षण का केंद्र

राजनगर भगत सिंह चौक त्योहार के समय प्रमुख आकर्षण का केंद्र है। जहां पर फूल माला, मूर्ति, पोस्टर, बताशा, लाइ, प्रसाद, झालर, तथा अन्य फैंसी आइटम की खरीदी बिक्री अच्छी रही। दुकानदारों ने बताया कि इस बार दीपावली मे 2 दिन का अच्छा व्यवसाय हुआ। रविवार बाजार के दिन तथा सोमवार के दिन भगत सिंह चौक पर बिक्री अच्छी हुई। क्षेत्र में दीपावली पर्व को लेकर शांति व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक द्वारा नगर के प्रमुख स्थलों तथा कस्बा क्षेत्र में पुलिस कर्मियों की सुरक्षा हेतु तैनात किया गया था। जिससे यह त्यौहार बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

#### पटाखे की दुकान में बिक्री देर रात तक हुई

दीपावली पर्व पर राजनगर क्षेत्र में गोपाल पंडाल राजनगर तथा दुर्गा पंडाल न्यू राजनगर में पटाखे की दुकान लगी रही। जहां पर क्षेत्र के निवासियों ने पटाखो की खरीदी की। जैसे-जैसे शाम होते गई जगह-जगह पटाखे की आवाज सुनाई देने लगी। रात 9:00 बजे से 10:00 बजे के मध्य तक पटाखों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान था।

## मां मनोकामना को भींगी आंखों से विदाई उत्साह व उमंग के साथ की गई पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

मां मनोकामना की स्थापना 19 अक्टूबर को राम जानकी मंदिर के पास बड़े ही उत्साह एवं उमंग के साथ की गई। प्रतिदिन पूजा, अर्चना के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। 22 अक्टूबर को भींगी आंखों से मां मनोकामना को विदाई दी गई। मां मनोकामना की झांकी पूरे शहर में भ्रमण कर श्री दुर्गा मंदिर मढ़यिा प्रांगण में स्थित तालाब में विदाई दी गई। मां मनोकामना के भक्त शुभम ठाकुर ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें प्रमुख रूप से 19 अक्टूबर दिन रविवार बाजे गाजे के साथ मां का भव्य आगमन राम जानकी मंदिर अनूपपुर वार्ड क्रमांक 4 समय शाम 4 बजे हुआ। 20 अक्टूबर दिन सोमवार मां काली की विशेष पूजा अर्चना एवं हवन रात्रि 12 बजे से प्रातः तक किया गया। 21 अक्टूबर दिन मंगलवार भव्य कन्या पूजन एवं विशाल भंडारा दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया एवं शाम 7 बजे अनूपपुर की भव्य एवं दिव्य प्रसिद्ध महा आरती एवं महाप्रसादी वितरण का कार्यक्रम किया गया। 56 भोग एवं भक्ति एवं ममता मयी भजनों के साथ मां की आराधना एवं देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। 22 अक्टूबर प्रातः सिंदूर रश्म के पश्चात शाम 4.00 बजे मां मनोकामना की झांकी पूरे शहर में भ्रमण की एवं भींगी आंखों से विदाई दी गई।





ज्ञातव्य हो कि इस वर्ष मां मनोकामना का छठवें वर्ष में प्रवेश हुआ था मां मनोकामना के भक्त शुभम ठाकुर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। जिन्होंने प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग दिया। मां मनोकामना की सेवा एवं आराधना की। उन्होंने कहा कि सभी नगर वासियों का हमारी समिति को भरपूर स्नेह प्रेम एवं सहयोग प्राप्त हुआ है। जिसकी वजह से हमारी समिति निरंतर मां काली के भव्य पूजन को साल दर साल और अधिक भव्यता एवं सुंदरता के साथ मनाते आ रही हैं। आने वाले वर्षों में इस पूजन को और भी अधिक भव्य एवं दिव्य बनाने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा कि मां मनोकामना की कृपा एवं आशीर्वाद आप सभी पर सदैव बना रहे। माता रानी सभी के कष्टों को हरे एवं सभी का भंडार भरे। मां मनोकामना की विदाई पर शहर की सड़कों को फूल पत्तों से सजाया गया जिस पर से मां मनोकामना की दिव्य एवं आकर्षक झांकी शहर भ्रमण करने के लिए निकली। इस अवसर पर काफी संख्या में नगर के मनोकामना के साथ-साथ चल रहे थे।

## लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल ने जन्मदिन पर वृद्ध आश्रम एवं जिला चिकित्सालय में किया फल वितरण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जन्मदिन मनाने के अपने-अपने तरीके होते हैं। कई लोग होटल में जाकर मानते हैं, तो कई लोग वृद्धाश्रम, जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के मध्य जाकर मनाते हैं। उसी क्रम में अनूपपुर के वरिष्ठ भाजपा नेता 80 वर्षीय लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल ने अपना जन्मदिन वृद्धाश्रम एवं जिला चिकित्सालय अनूपपुर में जाकर मनाया। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य भी साथ-साथ थे। उन्होंने अपने हाथों से वृद्धाश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों को अपने हाथों से फल फ्रूट दिया। उनके साथ बैठकर उनके हाल-चाल जाना। इसी प्रकार जिला चिकित्सालय अनूपपुर में जाकर भर्ती मरीजों को अपने हाथों से फल फ्रूट दिया। उनके साथ उपस्थित समस्त लोगों को भी फल फ्रूट दिया। साथ ही जिला चिकित्सालय में उपस्थित सेवारत सभी लोगों को भी फल फ्रूट देकर एवं साथ ही मरीजों का हाल-चाल जाना उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल ने कहा कि उन्हें अपने जन्मदिन में वृद्धाश्रम एवं जिला चिकित्सालय में आकर आत्म शांति मिली है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों व जरूरतमंदों के साथ जन्मदिन मनाने से उनका आशीर्वाद तो मिलता ही है, इसके साथ-साथ भगवान भी खुश होते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों से आशीर्वाद लेकर उनके मन को शांति मिलती है और सच्चे आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है और इन स्थानों पर अपनी खुशी बांटने से उनकी खुशी और बढ़ जाती है।उन्होंने सभी लोगों से अपील की है कि आप लोग भी अपना जन्मदिन वृद्धाश्रम एवं जिला चिकित्सालय में पहुंचकर मनाए निश्चित ही आत्म शांति मिलेगी।





## हाथ में खड़ग और खप्पर लेकर निकलीं मां काली

#### बाजे-गाजे के साथ देवी भक्तों ने मां काली को दी विदाई

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में दीपावली की रात पंडाल सजाकर पांच स्थानों पर मां काली की प्रतिमा विराजमान कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। बुधवार को मां काली का विसर्जन जुलूस निकाला गया जो नगर के विभिन्न गलियों से होता हुआ गोहंड्रा स्थित बांध में विसर्जित किया गया। नगर के गुरुद्वारा रोड, पुरानी बस्ती, पीपल चौक, अटल चौपाटी, शिशु भारती, स्कूल के पास एवं गोबिंदा कालोनी मे मां काली की प्रतिमा विराजमान की गई थी आकर्षक रोशनी से सजावट की गई थी दो दिनों तक दर्शन के लिए भक्तों का ताता लगा रहा। समिति के द्वारा भंडारे का भी आयोजन किया गया। बुधवार को माता काली की पंडालों मे महाआरती उतारी गई जिसमें हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओं ने पहुंचकर महाआरती मे शामिल हुए। दो दिनो तक मां काली की पूजा अर्चना के बाद बुधवार को श्रद्धालुओं ने नम आंखो से मातारानी को विदाई दी। इस अवसर पर नगर के साथ ही ग्रामीण अंचलो से श्रद्धालु जुलूस में शामिल हुए। बाजे गाजे के साथ माता रानी की झांकी चल रही थी।



## पुलिस ने फरार आदतन अपराधी अभिषेक उर्फ भोलू सोनी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

गणेश विसर्जन के दिन कोतमा के आदतन अपराधी अभिषेक उर्फ भोलु सोनी ने फरियादी मनीष सोनी से शराब पीने के लिए अवैध पैसों की मांग कर रहा था फरियादी के मना करने पर अपराधी अभिषेक उर्फ भोलु सोनी ने फरियादी के साथ मारपीट कर गंभीर चोट पंहुचाई थी। फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना मे आरोपी के खिलाफ आपराध कायम कर विवेचना मे लिया जाकर आरोपी कि पता तलास की जा रही थी। आरोपी घटना दिन से लगातार फरार चल रहा था जिसे कोतमा पुलिस टीम द्वारा बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालयलय मे पेश किया गया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। आदतन अपराधी अभिषेक उर्फ भोलु सोनी पर थाना कोतमा मे लुट, मारपीट के अलग अलग धाराओं मे कई अपराध पंजीबद्ध हैं। आरोपी को गुंडा लिस्ट में लाने की कार्यवाही पृथक से की जा रही है। कार्यवाही मे थाना प्रभारी रत्नाम्बर शुक्ला, प्र.आर. दिनेश राठौर. रामखेलावन यादव, आरक्षक महेश साहू, संजय सिंह शामिल रहे।



## शिव मारुति युवा संगठन ने गोबर से बनाया गोवर्धन पर्वत, किया पूजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** दीपावली के उपरांत मनाए जाने वाले गोवर्धन पूजन पर्व को शिव मारुति युवा संगठन द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ गौ सेवा सदन, अनूपपुर परिसर में मनाया गया। संगठन के सदस्यों ने पारंपरिक रीति से गोबर से गोवर्धन पर्वत का निर्माण किया तथा विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान गौवंशों का श्रृंगार कर उन्हें तिलक, फूल-माला पहनाकर पूजन किया गया। पूजन के उपरांत शिव मारुति युवा संगठन द्वारा अपने विभिन्न प्रकोष्ठों का गठन कर पदाधिकारियों एवं सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सेवा भावना का संदेश भी दिया गया।

